News सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-149
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**

कभी हार मत मानो, आज कठिन है, कल और बेहतर होगा लेकिन कल के बाद का दिन सुनहरा होगा

# बिहार सिटी चीफ



सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, मंगलवार 03 सितम्बर 2024

## रोहतास में भीषण सड़क हादसा

### दो बाइक की टक्कर में तीन की मौत, दो की स्थिति गंभीर

**चन्दन कुमार चौबे | सिटी चीफ** | रोहतास, रोहतास में रफ्तार का कहर देखने को मिला. रविवार की रात एनएच-टू सी पर समहुता गांव के समीप दो बाइक में आमने-सामने भिड़ंत हो गयी. इस दर्दनाक हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई. दो लोगों के घायल होने की सूचना है, जिसकी स्थिति गंभीर है. घटना के सम्बंध में बताया जा रहा है कि एक बाइक पर तीन युवक सवार हो कर ढेलाबाग आ रहे थे. तभी बिजली ग्रिड के सामने दूसरी बाइक पर दो सवार दो युवकों आ गए. दोनों में आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार सभी युवक बीच सड़क पर ही गिर कर तड़पने लगे. दो लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई जबकि एक ने अस्पताल में दम





तोड़ दिया. मृतकों की पहचान बाबूगंज तिलौथू निवासी रजनीश, पंकज कहार और लखन चौधरी के रूप में की गई है. छोटे लाल और बिट्टू घायल हैं. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर काफी जोरदार थी. सभी लोग सड़क पर इधर-उधर गिर गए थे.

## बिहार में फिर शुरू हुआ एक्सटॉर्शन बिजनेस

### पटना में डॉक्टर से फोन कर मांगी रंगदारी

**चन्दन कुमार चौबे | सिटी चीफ** | पटना, बिहार में एक बार फिर से डॉक्टरों से रांगदारी मांगने का मामला शुरू हो गया है. दरअसल पटना के दानापुर इलाके के खगौल थाना क्षेत्र से जाने-माने डॉक्टर शंभू शरण से रंगदारी मांगी गयी है. मिली जानकारी के अनुसार डॉक्टर शंभू शरण से फोन कर 3 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई है. वहीं रंगदारी नहीं देने पर क्लीनिक बंद करने की धमकी भी दी गई. डॉक्टर शंभू शरण ने आननफानन में पूरे मामले की जानकारी खगौल थाने को दी.मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मनेर के रहने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. इसके बाद



खुलासा हुआ कि डॉक्टर शंभू शरण के एक कंपाउंडर का मोबाइल चोरी हो गया था. बताया जाता है कि इसी मोबाइल से मनेर के रहने वाले व्यक्ति ने रू. 3 की रंगदारी की डिमांड की है. शंभू कंपाउंडर के मोबाइल से ही धमकी भरा फोन आने के बाद डॉक्टर शंभू शरण ने पुलिस को सूचना दी.

पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जब जांच की तो पता चला कि मनेर के रहने वाले युवक ने चोरी का मोबाइल लिया था और इस मोबाइल से रंगदारी का डिमांड की गयी थी. पुलिस ने इस मामले में मोबाइल के लोकेशन के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई है. इसको लेकर के एएसपी दीक्षा ने जानकारी देते हुए बताया कि खगोल के डॉक्टर शंभू शरण को रू.300000 रंगदारी का मोबाइल कॉल आया था. यह कॉल उनके ही कंपाउंडर के चोरी हुए मोबाइल से आया था. इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. मामले को लेकर पुलिस छानबीन में जुटी है.

## तो ऐसे होगा क्राइम कंट्रोल!

### बिहार के DGP ने दिए 6 S के मूल मंत्र, हर वर्दीधारी जान ले ये बात

**चन्दन कुमार चौबे | सिटी चीफ** | पटना, किसी भी राय में क्राइम कंट्रोल कैसे हो यह सबसे बड़ी चुनौती होती है. इसी क्रम में बिहार के नए डीजीपी आलोक राज ने पदभार ग्रहण करने के साथ ही इस पर पूरा ध्यान दिया है. प्रदेश में कानून व्यवस्था कैसे और मजबूत हो, पुलिसिंग कैसे बेहतर हो इसको लेकर डीजीपी आलोक राज ने अपने पदाधिकारियों और पुलिसकर्मियों को 6 स (6 स) के मूल मंत्र दिए हैं. सोमवार (02 सितंबर) को इसके बारे में बताया गया है. एक-एक नीचे पढ़ें 6 स के मूल मंत्र समय: घटना के बाद रिस्पांस टाइम जितना कम, पुलिस की कार्रवाई उतनी अछी. सार्थक: पुलिस की कार्रवाई सार्थक हो, जो नजर आए. अपराधियों में खौफ दिखाई दे. संवेदनशील: पीड़ितों के प्रति पुलिस संवेदनशील हो. जनता की बातों को सुनें और उचित कार्रवाई करें. शक्ति: पुलिस सशक्त नहीं होगी तो अपराधियों के बीच कानून का डर नहीं रहेगा. कानून की शक्ति से अपराधी डरें. सत्यनिष्ठा: पुलिस सत्यनिष्ठ हों तथा अपनी कार्रवाई के प्रति ईमानदार होगी तभी समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतर पाएगी. स्पीडी ट्रायल: समय से जांच कर आरोप-पत्र दाखिल करें और स्पीडी ट्रायल के माध्यम से अपराधियों को सजा दिलाएं इसके साथ ही कहा गया है कि बिहार पुलिस का फोकस हमेशा निर्धारित समय सीमा में अपराध को रोकना एवं पता लगाना रहा है. ऐसे में इसे भविष्य में और तीव्र गति से करने में पुलिस महानिदेशक की ओर से दिए गए 6 स मूलमंत्र सफल साबित होंगे. डीजीपी ने त्वरित कार्रवाई के महत्व पर बल देते हुए अपने सभी कर्मियों और पदाधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिया है. कहा गया है कि समय पर की गई पुलिस कार्रवाई न केवल अपराधियों को गिरफ्तार करने में मदद करती है बल्कि जनता के बीच पुलिस पर विश्वास और सुरक्षा की भावना भी मजबूत करती है. सीएम नीतीश कुमार से भी मिले आलोक राज वहीं दूसरी ओर नए डीजीपी का पदभार ग्रहण करने के बाद आलोक राज ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भी मुलाकात की है. बीते सोमवार (02 सितंबर) को सीएम नीतीश से उन्होंने शिष्टाचार मुलाकात की. गुलदस्ता दिया. बता दें कि आलोक राज सीएम नीतीश के करीबी भी माने जाते हैं.

## स्नान करने के दौरान धोबा नदी में डूबे 6 युवक, एक का शव बरामद, तीन अन्य लापता



**पटना।** बिहार के पटना जिले में सोमवार को बड़ा हादसा हो गया, जहां धोबा नदी में स्नान करने के दौरान 6 युवक डूब गए। इनमें से 2 लोग सुरक्षित बाहर निकल आए। वहीं चार युवक गहरे पानी में चले गए, जिनमें एक का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि तीन अन्य लापता हैं। वहीं लापता हुए युवकों की खोज जारी है।जानकारी के अनुसार, घटना जिले के बख्तियारपुर थाना क्षेत्र की है। घटना के संबंध मं बताया जा रहा है कि टीका बीघा गांव के छह युवक धोबा नदी में स्नान कर रहे थे। इस दौरान सभी गहरे पानी में चले गए। इस घटना में दो लोग तैरकर बाहर आ गए जबकि चार अन्य डूब गए। सूत्रों ने बताया कि घटना की जानकारी के बाद पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचकर कैंप कर रहे हैं। स्थानीय गोताखोर और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम ने डूबे लोगों की तलाश शुरू की। एक युवक का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि अन्य की तलाश की जा रही है।

### बिहार में सांसद की बात भी नहीं सुनते पुलिस अधिकारी

## हैलो-हैलो करते रह गए चिराग के जीजा, एसपी ने काट दिया फोन

**चन्दन कुमार चौबे | सिटी चीफ** | सासाराम, बिहार के पुलिस अधिकारी अब सांसद और विधायकों की बात भी नहीं सुनते। क्षेत्र की समस्या को लेकर सांसद और विधायक जब एसपी को फोन लगाते हैं तो उन्हें अधिकारियों की तरफ से अछा रिस्पॉन्स नहीं मिल रहा है। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से जीजा जमुई सांसद अरुण भारती ने जब एक केस के सिलसिले में रोहतास एसपी को फोन लगाया तो एसपी ने बिना उनकी बात सुने ही फोन कट कर दिया और चिराग के सांसद जीजा हैलो-हैलो करते रह गए। दरअसल, दरिगांव थाना के बडकी करपुरवा गांव में बीते 31 अगस्त को दिनदहाड़े लोजपा कार्यकर्ता सरोज पासवान की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई थी। इस वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी। इस मामले में दो आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है लेकिन मुख्य आरोपी अब भी फरार है। चिराग पासवान के जीजा तथा जमुई के सांसद अरुण भारती सोमवार को सासाराम पहुंचे थे। करपुरवा गांव पहुंचकर



सांसद अरुण भारती ने मृतक पार्टी कार्यकर्ता के परिजनों से मिले और उन्हें मुख्य आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करवाने का भरोला दिलाया। इस दौरान मृतक कार्यकर्ता के पिता राजकेश्वर पासवान भावुक हो गए। ऐसे में सांसद ने परिजन को ढाढस बढ़ाया। सांसद ने कहा कि पूरा लोजपा (रामविलास) परिवार मृतक के परिजन के साथ खड़ा है। उन्होंने पीड़ित परिवार के लोगों से कहा कि सरोज पासवान उनके परिवार के सदस्य थे। ऐसे में उनकी हत्या से पूरा संगठन मर्माहत है। वह अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के शोक संदेश को लेकर यहां पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने मौके से एसपी को फोन लगा दिया। एसपी ने फोन तो उठाया और जैसे ही सांसद ने सरोज पासवान की हत्या का जिक्र किया एसपी ने फोन कट कर दिया। अरुण भारती फोन पर गुजारिश करते रहे लेकिन फोन तो कट चुका था।

## औरंगाबाद में ट्रक पर लदी 480 कार्टन विदेशी शराब बरामद, दो लोग गिरफ्तार



औरंगाबाद- बिहार में औरंगाबाद जिले के अम्बा थाना क्षेत्र से मद्यनिषेध विभाग की टीम ने सोमवार को ट्रक पर लदी 480 कार्टन विदेशी शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सूचना के आधार पर मछली मार्केट से मद्यनिषेध इकाई बिहार, पटना की टीम ने ट्रक पर लदी 480 कार्टन विदेशी शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों ने बताया कि मौके से शराब तस्कर सोना राम और ढाकरा राम को गिरफ्तार किया गया है। दोनों तस्कर

## कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम की सफलता को लेकर एचएम की हुई बैठक

**चन्दन कुमार चौबे | सिटी चीफ|** मोतिहारी, मोतिहारी जिले के ढाका में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को लेकर सोमवार को बीआरसी में एचएम व बाल विकास परियोजना कार्यालय में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक की गयी। इसमें ढाका अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सुधीर कुमार गुप्ता ने बताया कि 4 सितम्बर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस है। इसमें स्कूलों व आंगनबाड़ी केन्द्रों व तकनीकी संस्थानों के माध्यम से सभी सरक्षा उपायों एवं व्यक्तिगत स्वछता का ध्यान रखते हुए 1 से 19 साल के बचों को नि:शुल्क दवाई खिलायी जायेगी। वर्ष 1 से 5 साल तक के बचों को आंगनबाड़ी केन्द्रों, 6 से 19 साल तक के बचों को स्कूल में तथा अपंजीकृत व स्कूल न जानेवाले बचों को भी यह दवाई आंगनबाड़ी केन्द्रों में खिलायी जायेगी। एल्बेंडाजोल बचों के लिए सुरक्षित दवाई है। इससे बचों में खुन की कमी में सुधार, बेहतर पोषण स्तर, भविष्य में कार्यक्षमता व औसत आय में बढ़ोतरी सहित अन्य फायदे होते है। उन्होंने एचएम व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से बचों को दवा खिलाने में सहायोग करने की बात कहीं। वहीं बीईओ अखिलेश कुमार ने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए अधिक से अधिक बचों को ऑनलाइन फॉर्म भरवाने के संबंध में शिक्षकों को जानकारी दी। सभी बचों का शिक्षा कोष पोर्टल पर शत प्रतिशत प्रविष्टि व अन्य विभागीय निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में हेल्थ मैनेजर विनय कुमार गुप्ता, एचएम, एलएस, आंगनबाड़ी सेविका आदि मौजूद थे।